53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.3°c अधिकतम 29.6°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:38, सूर्यास्त - 7:12 | वर्ष : 53/अंक : 210 | बृहस्पतिवार, 31 जुलाई 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

बात करने के लिए वक्त और शब्द नहीं बल्कि मन होना चाहिए...

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

मोदी जी! एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो : कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी

इन्हें ये अभी तक पता ही नहीं है.. के क्या बोलना है.... कहाँ बोलना है?..

कहा था ना... चरम पर है भ्रष्टाचार, अब जीएसटी विभाग के हिमांशू ने मांगे छाता कारोबारी से पचास लाख रुपये

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने सोमवार को भ्रष्टाचार का एक बड़ा खुलासा किया था, जिसमें लम्बे समय से रिश्वत ले रहे ट्रैफिक विभाग की वीडियो बनाकर वायरल की गयी थी। वीडियो वायरल करने के साथ-साथ मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने हाथोंहाथ यह भी कहा था कि अगर जनसहयोग मिलेगा तो लगातार इस तरह की वीडियो के माध्यम से भ्रष्टाचार के किसी अन्य विभाग के खुलासे भी होते रहेंगे। इसी क्रम में मंगलवार को नगर के बड़े कारोबारी राजेश जैन ने भ्रष्टाचार का एक और खुलासा करते हुए बताया कि उनसे 1-2-5 लाख नहीं बल्कि पूरे पचास लाख रुपये की रिश्वत जीएसटी विभाग के हिमांशू नाम के व्यक्ति से मांगी गयी। रिश्वत मांगने के दौरान राजेश जैन ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि जानसठ रोड शेरनगर में बाकायदा उनकी रजिस्टर्ड फर्म श्री सन्मति एग्जिमा इंडिया प्रा. लि. है, जिसका जीएसटी नम्बर 09एएएनसीएस4740एच1जेडजीरो है। जिसके डायरेक्टर वे खुद तथा दूसरी डायरेक्टर उनकी धर्मपत्नी आशिमा जैन हैं तथा उनकी फैक्ट्री से छतरी निर्माण का कार्य किया जाता है और इसके अलावा देश के अंदर के अलावा विदेश से जैसे चीन से भी पार्ट मंगाए जाते हैं और जिनका छोटा-मोटा नहीं 2024-25 का टर्नओवर ही 9.5 करोड़ का है, जिसकी बाकायदा जीएसटी जाती है, मगर इन सब बातों का कोई असर रिश्वतखोर हिमांशू पर होने वाला नहीं था, हिमांशू ने सीधा-सीधा राजेश जैन के मोबाइल नम्बर 9837034759 पर 9871559330 से कॉल आई और कॉल रिसीव होने पर मुझसे पूछा गया कि आप राजेश जैन बोल रहे हैं, और उधर से बताया गया कि जीएसटी एसआईबी से हिमांशू बोल रहा हूँ और अपने फर्म के सम्बंध में आप हमसे आकर मिल लीजिए। फोन करने वाले हिमांशू ने बताया कि मैं सिटी सेंटर में बैठता हूँ। राजेश जैन को लगा कि हो सकता है कि यह कोई फर्जी कॉल हो, इसकी जांच के लिए कारोबारी राजेश जैन ने अपने एकाउन्टेंट अमित शर्मा पुत्र मांगेराम, निवासी मखियाली को सिटी सेंटर यह देखने के लिए भेजा गया कि इस नाम का कोई व्यक्ति वहां है भी या नहीं। बाकायदा एकाउन्टेंट अमित सिटी सेंटर पहुंचे जहां द्वितीय तल पर एक महिला मिली जिससे पूछा गया कि हिमांशू नाम के कोई व्यक्ति यहां बैठते हैं तो महिला अमित को हिमांशू के ऑफिस तक ले गयी, जहां सफेद बालों वाला एक व्यक्ति बैठा हुआ था। अमित ने उक्त व्यक्ति को नमस्ते की तो उक्त व्यक्ति बोला कि तुम अमित कुमार हो ना और मखियाली निवासी हो। हमने तुम्हारी कम्पनी की पूरी रेंकी की हुई है और हम किसी भी समय फैक्ट्री में घुस सकते हैं। आपको कोई परेशानी न हो इसलिए हम चाहते हैं कि आपस में मिलकर बीच का रास्ता निकाल लिया जाये। हिमांशू ने अमित को कहा कि अपने फैक्ट्री स्वामी राजेश जैन से कहिए कि कहीं बाहर स्थान पर उनसे मिलने की बात कीजिए। अमित ने राजेश जैन को ज्यों की त्यों बात आकर बताई और 25 जुलाई को फिर उसी नम्बर से कॉल आई कि आज शाम मेरठ रोड स्थित एक होटल पर पहुंचते हैं और वहीं एक मीटिंग रखते हैं। शाम 5:20 पर लेखाकार अमित उस होटल पर पहुंचे। जब

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

रिश्वत मांगने का आरोपी महेश व उसका साथी

जीएसटी कमिश्नर

मीटिंग करते व्यापारी

संभ्रांत परिवार के कारोबारी से 50 लाख की मांग के बाद जनपद के कारोबारियों में मचा हड़कम्प

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। आपको बता दें कि श्री सन्मति एग्जिमा इंडिया प्रा. लि. के स्वामी राजेश जैन किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उनका 40 वर्षों से भी अधिक छाते के कारोबार के साथ-साथ परिवार का बड़ा कारोबार है, जिसमें उनके भाई प्रवीण जैन हुंडई किरेटा व जानसठ रोड स्थित एमजी हैक्टर जैसी बड़ी चौपहिया वाहनों की कम्पनी के शोरूम भी चलाते हैं, जिसका पूरा काम नम्बर एक का है और आज तक परिवार पर टैक्स चोरी से सम्बन्धित कोई दाग नहीं है। बावजूद इसके जब देर शाम बुलेटिन सोशल मीडिया के माध्यम से छोटे-बड़े कारोबारियों को छाता कारोबारी से 50 लाख रूपये की रिश्वत मांगने की बात सामने आयी, तो आम जनता ने सरकार के विरूद्ध अपना मोर्चा खोल दिया और कहा कि बुलेटिन लगातार जो सच्चाई उगल रहा है, वह पूरी तरह सराहनीय है। हाल ही में ट्रैफिक विभाग के रिश्वत के खुलासे के बाद अब जीएसटी विभाग का जो खुलासा हुआ है, वह हैरान कर देने वाला है और वास्तव में भाजपा के शासन में सिर्फ भ्रष्टाचार ही नहीं अधिकारी राज भी अपनी सारी सीमाएं लांघ चुका है। ऐसे में अब सारी हदें पार हो रही हैं और इसका खामियाजा आने वाले दिनों में चुनाव लड़ने वालों को ही भुगतना होगा।

बुलेटिन का हौंसला बढ़ाने वालों का आभार, मगर इस लड़ाई में आपका भी लूंगा साथ : अंकुर दुआ

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। ट्रैफिक विभाग के भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद बुधवार को जब छाता कारोबारी से भ्रष्टाचार का एक ओर मामला सामने आया, तो मेरे द्वारा (अंकुर दुआ सम्पादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन) फेसबुक पर जो वीडियो व्यापार जगत के हित में डाली गयी, उस पर नगर के संभ्रांत व सम्मानित लोगों ने बुलेटिन के इस कार्य की प्रशंसा की। मगर मैं बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ फिर एक बार आपसे आग्रह कर रहा हूं कि फेसबुक पर हौंसला बढ़ाने के लिए आपका हार्दिक आभार, मगर नगर की आम जनता को इस नगर को उत्तम नगर बनाने में सड़कों पर उतर कर भी सहयोग देना होगा। साथ ही मैं आपको यह भी कह देना चाहता हूं कि बुलेटिन सम्पादक के पद मैं नेताओं से सम्मानित स्थान पर हूं, ऐसे में मेरा चुनाव लड़ने का कोई विचार ना पहले कभी था और ना आगे कभी मन में आयेगा। समाचार पत्र के माध्यम से जो सेवा इस समाज की निस्वार्थ भाव से हो सकेगी वह हमेशा की जायेगी और भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों व शहर के लिए काम ना करने वाले नेताओं के विरूद्ध बुलेटिन की कलम आप सबके सहयोग से इसी बेबाकी के साथ निर्भय होकर चलती रहेगी।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की सिर कुचलकर निर्मम हत्या

बदायु, 30 जुलाई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बदायूं में बीजेपी के मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता की निर्मम हत्या कर दी गई। मंगलवार की रात गुप्ता अपने बेटे की जगह ओवरहेड टैंक की रखवाली करने गए थे। गुप्ता की लाश बुधवार सुबह ओवरहेड टैंक परिसर के गेट के पास मिली। ईंट से गुप्ता का सिर कुचला गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमार्टम के लिए शव को भिजवाया गया है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र के गांव विजलनगला की पूरी घटना बताई जा रही है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के साथ ही सुरेश चंद्र गुप्ता किसान यूनियन के नेता भी थे। उनके बेटों का नाम राहुल और निर्दोष है। गांव के ओवरहेड टैंक पर राहुल चौकीदारी करता है। वह मंगलवार को किसी रिश्तेदार से मिलने गया था। इसी वजह से उसने पिता को ओवरहेड टैंक पर जाने को कहा था।

कबूतर के पैर व गर्दन में लाल-हरी लाइट लगाकर दहशत फैलाने वालों की पुलिस ने तबीयत की हरी

▶▶ दहशत फैलाने वाले फिर एक बार निकले मुस्लिम समाज के शोएब और शुऐब

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। बुधवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाडा में बीते दिवस मंगलवार की रात को क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से एक कबूतर को लाल व हरी लाइट लगाई और उसे उड़ा दिया। क्षेत्र के लोगों में यह दहशत फैल गयी कि अन्य क्षेत्रों की तरह यहां भी ड्रोन घूम रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जब ड्रोन समझकर इस लाल व हरी लाइट का पीछा किया तो जब थककर कबूतर एक स्थान पर बैठा तो पूरे मामले का खुलासा हुआ कि किसी शरारती तत्व द्वारा कबूतर में लाइट बांधी गयी थी और यह ड्रोन नहीं कबूतर है। बड़ी बात यह है कि 15 लोगों के पकड़े जाने के बाद भी मुस्लिम समाज में किसी प्रकार की कोई दहशत नहीं है, क्योंकि उक्त कृत्य को अंजाम देने वाले भी शाकिब और शुऐब हैं और दोनों गांव जटवाड़ा के ही निवासी हैं व कबूतरबाजी का काम करते हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया है और कबूतरों में हरी-लाल बत्ती लगाने वाले इन दोनों दहशतगर्दों की तबीयत हरी करने की सूचना मिल रही है। एसएसपी द्वारा उक्त दोनों कबूतरबाजों को पकड़ने वाली टीम के उत्साहर्धन के लिए 20 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है, जो वास्तव में प्रशंसनीय कार्य है, क्योंकि अगर

उक्त दोनों दहशतगर्द पकड़े न जाते तो अन्य लोगों के हौसले भी इसी तरह से बढ़ते दिखाई देते। हैरानी की बात यह है कि प्रदेश में योगी शासन होने के बावजूद भी मुस्लिम समाज के असामाजिक तत्वों को किसी तरह का कोई खौफ नहीं है, न तबीयत हरी होने का और न ही जेल जाने का। यदि इन लोगों को जरा सी भी शर्म और दहशत होती तो दहशत फैलाने के लिए उक्त कृत्य को अंजाम न देते। आपको याद दिला दें कि पाकिस्तान के खून खराबे की वीडियो भी ककरौली से ही मुस्लिम समाज के लोगों ने ही वायरल की थी, जिसमें अब तक 15 लोग पकड़े जा चुके हैं।

जीएसटी विभाग की हिम्मत तो देखिये... उल्टा आईआईए के अध्यक्ष को ही भेज दिया नोटिस

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। जैसा कि सभी को पता है कि इस सरकार में चरम पर भ्रष्टाचार के साथ-साथ अधिकारी सिर पर बैठ कर नाच रहे हैं, जब छाता कारोबारी राजेश जैन का प्रकरण में आईआईए के अध्यक्ष ने यह सवाल पूछा कि आपके विभाग के अधिकारी संभ्रांत परिवार के साढ़े नौ करोड़ रूपये के टर्न ओवर का जीएसटी भरने वाले राजेश जैन के एकाउंटेंट से पचास लाख रूपये की रिश्वत किस उद्देश्य से मांगी गयी है तो उलटा कमिश्नर ने आईआईए के अध्यक्ष को ही घेरे में ले लिया और उन्हें एक नोटिस भेजा, जिसमें यह कहा गया कि आपने मिथ्या आरोप जीएसटी विभाग के हिमांशु पर लगाये हैं। आप जीएसटी कार्यालय में पेश हों और रिश्वत के आरोप के साक्ष्य दें। इस बात पर आईआईए के पदाधिकारी भड़क गये और बुधवार को जीएसटी कमिश्नर के पास पहुंचे। सबसे पहले डिप्टी कमिश्नर को कमरे से बाहर करने के लिए कहा गया। आईआईए अधिकारियों ने कहा कि सिर्फ ज्वाइंट कमिश्नर से बात होगी। उद्योगपतियों को भड़का देख डिप्टी कमिश्नर को बाहर जाना ही पड़ा। उसके बाद हिमांशु की सफाई में उतरे जीएसटी अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही हिमांशु पर कार्यवाही की जायेगी। पूरे घटनाक्रम के बाद आईआईए के पदाधिकारी वापस लौट आये।

जानकारी देते व्यापारी

खतरेभरा सफर : परिवहन विभाग ने किया 15000 का जुर्माना

चरथावल, 30 जुलाई (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र में सड़कों पर दौड़ रही बच्चों से ऊपर नीचे से लथपथ प्राइवेट बसें घटनाओं को अंजाम दे रही हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। बुधवार को परिवहन विभाग ने स्कूली बच्चों से लथपथ भरी बस को पकड़कर कड़ी चेतावनी देते हुए कड़ा जुर्माना लगाया है। परिवहन विभाग की कार्यवाही से अन्य बस चालकों व बस मालिकों में हड़कंप मचा है, वहीं अधिकतर स्कूली छात्र गाड़ी की छत पर खड़े होकर व गाड़ी के पीछे जाल पर लटक कर यात्रा कर रहे हैं, यही नहीं कुछ छात्र तो बस की खिड़कियों पर भी लटककर यात्रा कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन व बच्चों के अभिभावक दोनों को ही इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि बड़ी घटना से बचा जा सके। परिवहन विभाग द्वारा रूपये 15000 का जुर्माना करते हुए कानूनी कार्यवाही की गई।

तीन तलाक पर देवबंद से लाया था फतवा, कोर्ट ने किया खारिज

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु)। तीन तलाक के एक प्रकरण में परिवार न्यायालय का जिले का पहला निर्णय आया है। पति ने दिए तीन तलाक को वैध ठहराने के लिए परिवार न्यायालय में याचिका दायर की, जिस पर दोनों पक्षों की सुनवाई हुई। तीन तलाक को पति न्यायालय में कानूनी एवं धर्म के लिहाज से साबित नहीं कर सका। न्यायालय ने भी पति के कृत्य को गलत ठहराया है, जिसके चलते याचिका को खारिज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली के मुहल्ला पुरानी आबकारी निवासी तसनीम अहमद का निकाह 12 फरवरी 2013 को मेरठ के गांव इंचौली निवासी अंजुम परवीन से हुआ था। पति ने आरोप लगाया था कि अंजुम, पत्नी धर्म नहीं निभाती है। उसे एवं उसके स्वजन को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां देती है। वर्ष 2018 में एक साथ तीन तलाक दिया था, उसके बाद उसकी पत्नी घर से चली गई थी। पति ने इस तलाक को कोर्ट द्वारा भी मान्यता दिलाने के लिए तलाक का पहला नोटिस 23 अक्टूबर 2020, दूसरा नोटिस नौ दिसंबर 2020 तथा अंतिम एवं तृतीय नोटिस एक मार्च 2021 को दिया था। इस तलाक का पत्नी अंजुम ने विरोध किया। अधिवक्ता शहजाद ने बताया कि परिवार न्यायालय में पति द्वारा दारुल उलूम देवबंद से लाया गया फतवा भी रखा था, जिसे न्यायालय ने नहीं माना। इतना ही नहीं तलाक नोटिस के बाद पत्नी के साथ गृहस्थ जीवन जारी रखने के लिए समझौता या कोई पहल नहीं की गई। तलाक के दौरान दो बालिग गवाह बताए गए, लेकिन न्यायालय में गवाह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

सेना ने लाँच किया ऑपरेशन शिवशक्ति, पुंछ में 2 आतंकी ढेर, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

पुंछ, 30 जुलाई (एजेंसी)। जम्मू के पुंछ में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। अधिकारियों के अनुसार, बॉर्डर पर तैनात जवानों ने मंगलवार देर रात देगवार सेक्टर के मालदीवलन इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद एनकाउंटर शुरू हुआ। इस ऑपरेशन को शिवशक्ति नाम दिया गया। आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। पिछले तीन दिनों में सेना का यह दूसरा एनकाउंटर है। 28 जुलाई को श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को ढेर किया था। इनमें पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी सुलेमान भी शामिल था। बाकी दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा

अफगानी के रूप में हुई है। जिबरान 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल था। आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल और ग्रेनेड मिले थे। इसे ऑपरेशन महादेव नाम दिया गया था।

भांजे की हत्या करने के मामले में मामा व उसके बेटों को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। बुधवार को डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी कमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव सिसौना में मेहरुनिशा के बेटे शेर मोहम्मद की पत्नी के साथ आरोपी पक्ष का युवक छेड़छाड करता था। इस बात का परिवार ने विरोध किया तो 30 अगस्त 2019 को आरोपी समयदीन उसके बेटे आलमगीर, हारून व नासिर ने मकान में घुसकर उसके बेटे शेर मोहम्मद की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसी समय छपार थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। वादी मेहरूनिशान आरोपी समयदीन की सगी बहन है। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट नम्बर 6 की न्यायाधीश रेखा सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने पिता व उसके तीनों बेटों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीन आरोपियों पर दस-दस हजार का जुर्माना लगाया है, जबकि आरोपी समयदीन पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

अलकायदा के आतंकी मॉड्यूल की मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

अहमदाबाद, 30 जुलाई (एजेंसी)। गुजरात एटीएस ने अलकायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल की मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। अलकायदा से जुड़ी साजिशकर्ता शमा परवीन की गिरफ्तारी गुजरात एटीएस ने बेंगलुरू से की है। बता दें कि यह गिरफ्तारी पिछले सप्ताह एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए चार अलकायदा आतंकवादियों से मिले सुरागों के आधार पर की गई है। इस मामले पर गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा, 'एटीएस ने अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेंट के पहले चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एक और बड़ी सफलता गुजरात एटीएस को मिली है। एक महिला जो बेंगलुरू से है, ये आतंकी खासतौर पर हाईली रैडिक्लाईज है। ऑनलाइन टेरर मॉड्यूल पर काम करती है। उसके महत्वपूर्ण पाकिस्तानी संपर्क हैं जो उसके अलग-अलग डिवाइस मिले हैं। गुजरात एटीएस की पुलिसिंग के माध्यम से 5 महत्वपूर्ण ऑनलाइन टेरर मॉड्यूल पर काम करने वाले अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेंट के आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।'

भारत ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से किया इंकार

नई दिल्ली, 30 जुलाई (एजेंसी)। इंडिया चैंपियन ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इंकार कर दिया है। यह सेमीफाइनल गुरुवार को होना है। इंडिया चैंपियन ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में शामिल नहीं होने के अपने पिछले रुख को बरकरार रखा है। इंडिया चैंपियंस ने मंगलवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में वेस्टइंडीज चैंपियंस को सिर्फ 13.2 ओवर में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इंडिया चैंपियन के सेमीफाइनल खेलने से इंकार का मतलब है कि पाकिस्तान चैंपियन फाइनल में पहुंचेगी। इससे पहले, भारतीय खिलाड़ियों और एक प्रमुख टूर्नामेंट प्रायोजक की कड़ी आपत्तियों के बाद, दोनों देशों के बीच लीग चरण का खेल आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद सुरेश रैना और शिखर धवन सहित पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने सार्वजनिक घोषणा की थी, जिन्होंने कहा था कि वे मैच में भाग नहीं लेंगे।

रूस में कुदरत ने ढाया कहर, दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप, 5 मीटर ऊंची सुनामी उठीं

मास्को, 30 जुलाई (एजेंसी)। एक तरफ तो रूस युक्रेन युद्ध चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ एक प्राकृतिक आपदा ने रूस को अपनी चपेट में ले लिया है। रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया। जानकारी के अनुसार कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यूएसजीसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने वीडियो पोस्ट कर कहा कि आज का भूकंप दशकों में सबसे शक्तिशाली था। उन्होंने कहा कि एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा है। देश के पूर्वी तट के पास एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंची हैं। जापान ने राजधानी टोक्यो में 20 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा है। इसके अलावा अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली को करा लिया है। अमेरिका के अलास्का और हवाई द्वीप तक सुनामी की लहरें पहुंच गई हैं।

न्याय व्यवस्था तक पहुंचा छांगुर के काले गुनाहों का साया, मुजफ्फरनगर के जज पर लगे गंभीर आरोप

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (एजेंसी)। छांगुर बाबा उर्फ जलालूद्दीन के खुलासों के राज अब कई पर्तें खोलता हुआ नजर आ रहा है। अब यह काला साया न्याय व्यवस्था तक पहुंच गया है। इस मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मुजफ्फरनगर के एक जज पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने इस मामले में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर अपर जिला जज की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। अमिताभ ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें यह खबर पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा से मिली है, उनके अनुसार मेरठ निवासी बदर अख्तर सिद्दीकी इस केस में अभियुक्त है, जबकि आशा नेगी नामक महिला को पीड़िता के तौर पर नामित किया गया था। राणा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार ठाकुर ने आरोप लगाया है कि इस समय में मुजफ्फरनगर



आशा

आजाद अधिकार सेना

अमिताभ ठाकुर — राष्ट्रीय अध्यक्ष

डा. नूतन ठाकुर — राष्ट्रीय महासचिव / प्रवक्ता

हमारा अभियान, इस पत्र सहित

अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता
9/454, विपुल खंड, गोमती नगर
लखनऊ-226 010 (U.P.)

मो. 9415534526, 9415534526
E-mail : amitabhthakur@gmail.com
Website : adhikarsena.in

Letter No- AAS/Letter/191/2025 Dated 29s/07/2025

To,
The Chief Minister,
UP Government,
Lucknow

Subject- Alleged involvement of a Judicial officer, Mr Kashif Sheikh, currently ADJ in district Muzaffarnagar, in Chhangur Baba case

Dear Sir,

The applicants Amitabh Thakur #9415534526 WhatsApp 9709519754 Email amitabhthakurlko@gmail.com and Devendra Singh Rana # 9759632359, most humbly pray as follows-

1. That in the course of investigation of the Chhangur Baba case, the name of one Badar Akhtar Siddiqui from Meerut came up as being one of his important henchmen. In course of further investigation, the name of Ms Asha Negi from Meerut also emerged, as being one of the victims of Mr Badar Akhtar Siddiqui, who is missing for the last many years.
2. That it further emerged that Mr Abdul Rahman Siddiqui, Crime Branch Inspector in district Ghaziabad, was the Inspector in Thana Civil Lines in Meerut in 2019, who played an extremely improper and inappropriate role when the relatives of Ms Asha Negi came to Police for police assistance, and instead of getting an FIR registered, he threatened them to keep quite.
3. That taking cognizance of these facts, Mr Abdul Rahman Siddiqui has been suspended, though no action seems to have been done so far as regards his alleged criminal role in the entire process.
4. That in the meanwhile the applicants have come to have information about the alleged role of Mr Kashif Sheikh, who is a member of the Higher Judiciary in UP and is currently posted as ADJ in district Muzaffarnagar, who is also alleged to be a close relative (Jija) of Mr Badar Akhtar Siddiqui and to have played clearly dubious, improper and illegal role in Ms Asha Negi case.
5. That for this, the applicants present the link of around 1 hour program, Chhangur का दूसरा चेहरा बना हिन्दू बेटियों का सौदागर पत्रकार, Air Hostess..अपना बोल ? | Bindas Bol, relayed on Sudarshan News, with youtube link https://www.youtube.com/live/x0Ilh06uBDMc

में एडीजे पद पर तैनात जज बदर सिद्दीकी का नजदीकी रिश्तेदार है। जिला जज ने हरदोई में तैनाती के दौरान मेरठ के तत्कालीन सीजेएम कोर्ट के सरकारी कक्ष में आकर इस केस की जांच कर रहे क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर प्रकाश शर्मा को बुलाया था और मामले को दबाने का दबाव बनाया था। इतना ही नहीं, आरोप यह भी लगाया गया है कि ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी।

श्रीराम नाम स्मरण से हो जाते हैं प्राणी सब भव बंधन से मुक्त: अरविन्द जी महाराज

- श्रीराम जन्मोत्सव कथा में गूंजे चहुंओर जय श्रीराम के जयकारे
- बुलेटिन सम्पादक ने भी श्रवण की जन्मोत्सव की कथा

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन की ओर से मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार में श्रद्धा, भक्ति व आनंद की बहती त्रिवेणी में श्रद्धालु डुबकी लगाते दिखाई दिए। पंडाल में जैसे-जैसे श्रीराम कथा आगे बढ़ रही है, वैसे ही उत्साह और सहभागिता नई ऊंचाइयों को छू रही है और कथास्थल अद्वितीय आध्यात्मिक धाम का स्वरूप ले रहा है। बुधवार को व्यासपीठ से श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास अरविंद जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने और उनके अनुपालन करने मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के दुःख और पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि राम नाम स्मरण मात्र से प्राणी भवबंधन मुक्त हो जाता है। महाराज श्री द्वारा मंदिर प्रांगण में श्रीराम जन्मोत्सव के मार्मिक वर्णन से पंडाल में मौजूद श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए और श्रीराम जन्म कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोताओं ने भजन और सोहर गीत पर जमकर नृत्य किया। इस बीच प्रांसगिक जन्मोत्सव कथा पर आयोजन समिति द्वारा पंडाल में गुब्बारों और फूलों की साज-सज्जा आकर्षण का केंद्र रही। श्रीराम जन्मोत्सव प्रसंग के बीच पूरे वातावरण में मंत्रों की पवित्र ध्वनि और घड़ियाल-शंखों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर होकर जय श्रीराम का उद्घोष करने लगे। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जन्म मात्र एक राजकुमार जन्म नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा, सत्य और सेवा की पुनः स्थापना का पावन क्षण है। वास्तव में श्रीराम का जन्म अंधकार में आशा की किरण के समान है, जो त्रेता युग के कष्टों को दूर करने आया। इस दौरान श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग को रंग-बिरंगे पुष्पवर्षा, दीप प्रज्वलन, कीर्तन के साथ उत्सव रूप में मनाया गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो अयोध्या स्वयं कथा स्थल पर अवतरित हो गई हो। कथा में हर आयु वर्ग के भक्तों के रूप में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भाग लेकर राममय वातावरण का आनंद उठाया। मुख्य यजमान शशिकांत मित्तल रहे। प्रसाद सेवा घनश्याम दास गोयल की ओर से की गई। कथा में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, कमल किशोर गुप्ता, दीपक गोयल, राकेश बिंदल, अनिल बिंदल, अजय कुमार गुप्ता रमेश साईं, अरविंद बंसल, पालिका की पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, अशोक तायल, विश्वदीप गोयल बिट्टू, राकेश कंसल, अनिल नामदेव, योगेश सिंघल, विजय तागरा, अनुराग गर्ग, श्याम जसूजा, सत्यप्रकाश मित्तल, रक्षित नामदेव, अचिन कंसल, अरविंद बंसल, राजू टैंट वाले, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, संजय, दिनेश बंसल, अजय सिंघल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगाई क्लीनिक पर सील

जानसठ, 30 जुलाई (बु.)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र के गांव चित्तौड़ा में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित क्लीनिकों पर छापेमारी करते हुए सील लगाई और चिकित्सकों को नोटिस दिए। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव चित्तौड़ा में वैशाली क्लीनिक के अवैध रूप से संचालित होने की शिकायत की गई थी। शिकायत में शिकायतकर्ता ने यह भी बताया था कि यह झोलाछाप डॉक्टर जनपद के बड़े अस्पतालों से पैसा लेकर गांव के भोले-भाले मरीजों को उनके पास रेफर करता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच-पड़ताल करने गांव में गई। ग्रामीणों से पूछताछ और जांच करने पर प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाई गई। उन्होंने बताया कि कुछ चिकित्सक अपने क्लीनिक पर ताला लगाकर चले गए। उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल कर बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे क्लीनिक सील किए जाएंगे।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई, (बु.)।
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	99,450	चांदी-	115200
सिक्का-	1290	गिन्नी-	74070

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 31 जुलाई, 2025

मेष- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।
वृषभ- व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यों की पूर्ति हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर।
मिथुन- पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, आय के नवीन स्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, इच्छित योजना का सुपरिणाम।
कर्क- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।
सिंह- परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।
कन्या- नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।
तुला- स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख में वृद्धि।
वृश्चिक- कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों स मानसिक राहत, यात्रा सुखद।
धनु- विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूत में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।
मकर- विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।
कुम्भ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।
मीन- कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

गरीब महिला ने पुलिस से लगाई पति की जान के लिये गुहार, पहली पत्नी का बेटा करता है मारपीट

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु)। मुजफ्फरनगर के एसएसपी के आगे एक गरीब महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। आपको बता दें कि पिंकी पत्नी चहक सिंह निवासी शान्तिनगर थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर ने बताया कि उसके पति ने पहले शादी की थी। तलाकशुदा पत्नी के पुत्र ने चहक सिंह के साथ मारपीट की है और उसे नशा मुक्ति केंद्र में छोड़ दिया, जबकि पिंकी का कहना है कि चहक सिंह कोई नशा नहीं करता है। पिंकी ने बताया कि उसने पति की रक्षा के लिये पहले भी पुलिस से गुहार लगाई थी, लेकिन उसकी किसी ने कोई शिकायत नहीं सुनी। बता दें कि रिंकू कई बार चहक सिंह से मारपीट करता है और आरोप लगाता है कि चहक सिंह अपनी जमीन बेचने वाला है, जबकि पिंकी का कहना है कि चहक सिंह ऐसा कुछ नहीं करने वाला है। पिंकी का कहना है कि चहक सिंह गलत आदमी नहीं है, वह तो मेहनत-मजदूरी करके और टैंपू चलाकर अपना और मेरा गुजारा चलाता है। उसने बैंक से लोन लेकर टैंपू लिया है। ऐसे में मुझे और मेरे पति की जान को खतरा है। मेरा और मेरे 4 बच्चों का चहक सिंह के अलावा इस दुनिया में कोई नहीं है। अगर चहक सिंह को कुछ हो जाता है, तो मैं और मेरे बच्चे सड़क पर आ जाएंगे। अतः मेरी पुलिस एसएसपी से गुहार है कि मेरी और मेरे बच्चों और पति की रक्षा की जाए। इस पूरे मामले में नई मंडी पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एसएचओ दिनेश कुमार ने बताया कि महिला द्वारा उनके थाने में पूरे मामले से अवगत कराया गया है। पीड़ित का पति फिलहाल हरिद्वार किसी नशामुक्ति में भर्ती बताया गया है, जिसकी जांच के लिए एक टीम को लगा दिया गया है।

कक्षा में स्थापित हुआ निसार, भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी विस्फोट की देगा सटीक जानकारी

श्रहरीकोटा, 30 जुलाई (एजेंसी)। अंतरिक्ष की दुनिया में आज एक और इतिहास रचा दिया गया। 30 जुलाई को दुनिया का सबसे महंगा ठक्रअफ (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन लॉन्च किया गया। यह मिशन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5:40 बजे रॉकेट से लॉन्च किया गया। निसार मिशन को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन एंटीना खराब होने से इसकी लॉन्चिंग टल गई थी। निसार मिशन की सफलता पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह मिशन हमारे सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में से एक है। विशेष रूप से नासा जैसी प्रतिष्ठित एजेंसी के साथ, जो हमसे बहुत पहले से इसमें शामिल थी। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सफल लॉन्चिंग के बाद बधाई दी और संबोधित किया। कहा कि ये प्रयोग प्रधानमंत्री मोदी के विश्व बंधु भारत के दृष्टिकोण का हिस्सा हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम भावना मलिक (BHAVNA MALIK) से बदलकर भावना (BHAVNA) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे भावना के नाम से ही जाना जाये।

भावना पत्नी विक्रांत
93/1, नार्थ सिविल लाईन, अपोजिट रोडवेज बस स्टैण्ड, मुजफ्फरनगर

सीओ ने रात में शाहपुर थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों को कर्तव्य का पाठ पढ़ाया

शाहपुर, 30 जुलाई (बु.)। पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने आज रात अचानक शाहपुर थाने पहुंचकर पुलिस कर्मियों की गणना की। तथा थाने का ओआर किया। पुलिस उपाधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। विशेष कर हाल ही में फैल रही अफवाह एवं इनके पीछे साजिशकर्ताओं को तत्काल जांच कर धर पकड़ के आदेश दिए। सीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ की इजाजत नहीं दिया जाएगी। पुलिसकर्मी निरंतर चैकिंग,गश्त एवं फुट पेट्रोलिंग जारी रखेंगे। लगभग 2 घंटे से भी अधिक समय तक थाने के समस्त दरोगाओं, हेड कांस्टेबलों एवं अन्य पुलिस कर्मियों को कर्तव्य का पाठ पढ़ाया। इस दौरान एसएचओ शाहपुर जय सिंह भाटी समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

पारस नेत्रालय के स्वामियों ने 60 टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

- बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, सीएमओ सुनील तेवतिया, डॉ. बी.के. जैन, डॉ. सुमित जैन, डॉ. शिल्पी जैन ने अपने हाथों से मरीजों को दी पोटली

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने बुधवार को पारस अस्पताल में एक सराहनीय पहल करते हुए 60 टीबी मरीजों को 'पोषण पोटली' वितरित की। यह कार्यक्रम आईएमए से डॉ. सुमित जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार लाना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ मुजफ्फरनगर सुनील तेवतिया और बुलेटिन संपादक अंकुर दुआऔर डॉ. लोकेश गुप्ता उपस्थित रहे। डॉ. सुमित जैन ने इस पहल के लिए टीबी मरीजों और टीबी अस्पताल का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपने कीमती समय में से समय निकालकर मरीजों को दिया गया यह समर्थन वास्तव में सराहनीय है। डॉ. जैन ने टीबी अस्पताल के सभी सदस्यों को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पारस अस्पताल से डॉ. बी.के. जैन, डॉ. सुमित जैन, डॉ. शिल्पी जैन और टीबी अस्पताल से विपिन शर्मा, अतुल, रुचिर, अभिषेक, हेमंत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस पहल से टीबी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य और रिकवरी में मदद मिलने की उम्मीद है। इस दौरान बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.के. जैन सहित पारस नेत्र चिकित्सा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह का सामाजिक कार्य एक डॉक्टर ही कर सकता सकता है, जिनको हम भगवान मानते है। ये हमारा सौभाग्य है कि इस तरह के क्लीनिक आप लोगो के लिए सेवा भाव से काम कर रहे है।

पोषण पोटली देने के साथ-साथ डॉ. बी.के. जैन परिवार गरीबों की निःशुल्क सेवा तक करता है : अंकुर दुआ

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। जानसठ रोड स्थित पारस अस्पताल में पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद रहे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने डॉ. बी.के. जैन परिवार का इतिहास बताते हुए कहा कि 50 वर्षों से भी अधिक एक्सरे करने की सुविधाएं देने वाले डॉ. बी.के. जैन का परिवार डॉक्टर होने के साथ-साथ परोपकारी परिवार भी है। स्वयं डॉ. बी.के.जैन गरीबों को सैंकडों बार फ्री एक्सरे भी कराकर देते हैं। इसी क्रम में उनके पुत्र व पुत्रवधु भी ऐसी ही सेवाएं आमजन को दे रहे हैं। कुशल नेत्र चिकित्सक होने के साथ-साथ डॉ. सुमित जैन व उनकी पत्नी डॉ. शिल्पी जैन मरीजों के हित में कोई ना कोई नेक करते ही रहते हैं। बुलेटिन सम्पादक ने पूरे परिवार का आभार व्यक्त किया।

पांचवीं वर्षगांठ के सन्दर्भ एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बुस.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आईआईसी-एसआरजीसी द्वारा एनईपी-2020 की पांचवीं वर्षगांठ के सन्दर्भ में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक इम्पैक्ट ऑफ एन0ई0पी0-2020 विद रैफ्रेंस टू रिसर्च, इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन इन हायर टैक्नोलॉजी रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के निदेशक डॉ. एसएन चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. पंकज वशिष्ठ, प्रवक्ता, डायट, मुजफ्फरनगर रहे, जिन्होंने एनईपी-2020 के महत्वपूर्ण व मुख्य अंशों तथा इसके प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में जारी एक शिक्षा नीति है, जो शिक्षा प्रणाली में सुधारों का प्रस्ताव करती है। इसका उद्देश्य शिक्षा को अधिक समावेशी, कौशल-आधारित और छात्र-केंद्रित बनाना है। एनईपी 2020 बहु-विषयक शिक्षा है, जो छात्रों को विभिन्न विषयों का अध्ययन करने और विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकसित करने की अनुमति देती है। यह शिक्षा नीति कौशल विकास पर जोर देती है, जिसमें छात्रों को 21वीं सदी के लिए आवश्यक कौशल, जैसे महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और समस्या का समाधान करना तथा कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। इस शिक्षा नीति में प्रौद्योगिकी का एकीकरण किया गया है, इसका उद्देश्य शिक्षा को और अधिक आकर्षक व प्रभावी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाता है। शिक्षक प्रशिक्षण और मूल्यांकन में सुधार करने के लिये शिक्षकों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जाता है और छात्रों के मूल्यांकन के लिए अधिक रचनात्मक तरीकों का उपयोग किया जाता है। इसमें उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक स्वायत्तता प्रदान करना और अनुसंधान को बढ़ावा देना सम्मिलित है, जिससे शिक्षा में समानता और यह सुनिश्चित करना कि सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। एनईपी 2020 का मुख्य उद्देश्य भारत को एक ज्ञान आधारित, जीवंत समाज और वैश्विक महाशक्ति बनाने का मार्ग प्रशस्त करना है। छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करना। शिक्षा को सभी के लिए सुलभ और समावेशी बनाना शिक्षा प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाना। एनईपी 2020 शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव है और इसके कार्यान्वयन से भारत की शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। इस अवसर पर निदेशक डॉ. एसएन चौहान द्वारा श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज एनईपी 2020 की जिन नीतियों का अनुसरण करता है, उन नीतियों पर व्याख्यान दिया गया और भविष्य में भी एनईपी 2020 के तहत एसआरजीसी की शिक्षा प्रणाली का अनुसरण कर सकारात्मक परिवर्तन लाने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज आई.आई.सी.-एस.आर.जी.सी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. विभाग की विभागाध्यक्ष इं. कनुप्रिया, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष चौहान, सिविल इंजी. के विभागाध्यक्ष फिरोज अली एवं मैकेनिकल इंजी. विभाग के विभागाध्यक्ष पवन कुमार डीन आईक्यूएसी डॉ. विनीत शर्मा एवं सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।

एमजी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण विषयक हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बुस.)। एमजी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को कक्षा-5 के छात्रों के लिए एक विचारोत्तेजक हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय *क्या पर्यटन का तेजी से बढ़ना पर्यावरण और वन्य जीवन के लिए हानिकारक है?* रहा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी विद्यार्थियों ने न केवल अपनी उत्कृष्ट भाषण-कला का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरणीय मुद्दों पर अपनी गंभीर सोच और जागरूकता का भी परिचय दिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार अत्यंत स्पष्टता, आत्मविश्वास और प्रमाणिकता के साथ प्रस्तुत किए। प्रकृति के प्रति उनकी चिंता और जागरूकता हर श्रोता को प्रभावित कर रही थी। बच्चों ने अपने भाषणों में वन्य जीवों के निवास स्थानों में बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप, प्रदूषण, प्लास्टिक उपयोग और अव्यवस्थित पर्यटन गतिविधियों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को गहराई से रेखांकित किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में जो जागरूकता और तर्कशक्ति देखने को मिली, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। पर्यावरण और वन्य जीवन की रक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। पर्यटन को संतुलित और जिम्मेदार बनाकर ही हम प्रकृति की सुंदरता को सुरक्षित रख सकते हैं। हमारे छोटे-छोटे प्रयास, जैसे प्लास्टिक का कम उपयोग, जैव विविधता की रक्षा और नैतिक पर्यटन को अपनाना, इस दिशा में बड़े बदलाव ला सकते हैं। पर्यटन का विकास आवश्यक है, लेकिन अगर यह बिना पर्यावरण संतुलन के किया जाए, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव प्रकृति के लिए विनाशकारी हो सकता है। प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें समसामयिक मुद्दों पर सोचने और अपने विचार अभिव्यक्त करने का मंच भी प्रदान करती हैं। बच्चों की यह सहभागिता बताती है कि यदि हम उन्हें सही दिशा दें, तो वे न केवल अच्छे नागरिक बनेंगे, बल्कि प्रकृति के रक्षक भी बन सकते हैं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे प्रकृति के मित्र बनें और अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में योगदान दें। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए ये संदेश दिया कि पर्यटन बढ़े, लेकिन प्रकृति भी सुरक्षित रहे।

सावधान -- शाहपुर में रात्रि 11:00 बजे घूमने वाले युवक अब पुलिस की कड़ी निगरानी में

- नगर पंचायत के हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से होगी पहचान - पिछले कई दिनों से दहशत एवं अफवाहें हावी

शाहपुर, 30 जुलाई (बु.)। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी द्वारा मैन रोड सहित कस्बे के हर चौराहों पर नगर पंचायत द्वारा लगाए गए दर्जनों हाईटेक सीसीटीवी कैमरे में रात 11:00 बजे के बाद इधर-उधर घूम रहे युवकों पर रहेगी पुलिस की नजर। पिछले कई दिनों से रात्रि में लोगों के दरवाजे कुंडी खड़खड़ाने वालों की धर-पकड़ एवं अफवाह पर अंकुश के लिए शाहपुर क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई गई। योगीराज में किसी भी अफवाह को फैलाने से पहले कंफर्म कर ले। थाना प्रभारी जय सिंह भाटी एवं कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल कुमार के साथ पूरा पुलिस बल संदिग्धों की तलाश में जुटा। शाहपुर वह आसपास क्षेत्र में रात के समय चोरों की अफवाहों का बाजार गर्म है। पिछले दो से तीन दिनों में शाहपुर व आसपास गांव देहात में चोरों की अफवाहें जोर-शोर पर चलाई जा रही है। थाना प्रभारी जयसिंह भाटी एवं कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार से जानकारी प्राप्त हुई कि लोग अफवाह फैला रहे हैं। इस तरह की कोई घटना कस्बे में सामने नहीं आई है। कुछ शरारती युवक रात के समय लोगों के गेट खड़-खड़ा रहे हैं एवं कुंडी बजा रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत बनी हुई है। थाना प्रभारी जय सिंह भाटी ने बुलेटिन को बताया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे, यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, तो 112 नंबर पर सूचना दें। चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने रात के समय इस्लामिया मदरसा एवं करबला रोड, इस्लामाबाद गोगा जी म्हाड़ी, रामनगर सहित अन्य स्थानों पर भी पुलिस गश्त बढ़ाने के लिए थाना प्रभारी जय सिंह भाटी से फोन पर वार्ता की है।

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

ऑपरेशन सिंदूर पर खड़गे और नड्डा

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद के दोनों सदनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बोलने की प्रतियोगिता सी चल रही है। सब एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं। कही गयी बातों में तथ्य है या नहीं, वे तर्क संगत हैं या नहीं, यह अलग बात है। जेपी नड्डा और खड़गे के बीच राज्यसभा में बहस सुर्खियों में है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का लोकसभा में दिया गया भाषण भी चर्चाओं में है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में बड़े विस्तार से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। अपने सम्बोधन में उन्होंने निरर्थक बातें करने वालों और गलत बोलने वालों की बातों पर हैरानी जताते हुए यहाँ तक कहा कि इन लोगों को हो क्या गया है? प्रधानमन्त्री मोदी ने लोकसभा में कहा कि किसी भी देश ने हस्तक्षेप करके भारत को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमले करने से नहीं रोका। उन्होंने कहा कि भारत ने अपना सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के बाद अपना आक्रमण रोक दिया और भविष्य में पाकिस्तान द्वारा कोई भी कोशिश करने पर उसे निर्णायक जवाब देने की चेतावनी दी। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस पर पाकिस्तानी दुष्प्रचार में शामिल होने का आरोप भी लगाया। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि गलती आप करते हैं और दोष दूसरों को देते है। उन्होंने कहा कि जो लोग चाचा नेहरू कहते थे, आज वही लोग उनकी निंदा करते हैं। खड़गे ने कहा कि हमने पहले भी पाकिस्तान की निंदा की थी, हम आज भी उनकी निंदा करते हैं और अगर यह कल भी जारी रहा, तो हम उनकी निंदा करते रहेंगे, लेकिन यहां, हम उसकी निंदा करते हैं और आप उनके भोज में शामिल होते हैं और उन्हें गले लगाते हैं। खड़गे ने कहा कि सरकार को सच सुनने का साहस दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर स्पेशल सत्र बुलाने की मांग की थी। खड़गे ने कहा कि हमारे भेजे गए पत्र को सरकार फेंक देती है। उसके पास पढ़ने का टाइम नहीं है, राहुल गांधी ने प्रधानमन्त्री को पत्र लिखा। यह सरकार अहंकार से भरी हुई है, लेकिन इस सरकार का अहंकार तोड़ने वाले लोग आएंगे। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी को चर्चा के दौरान सदन में बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं गृह मंत्री से पूछना चाहता हूं कि हो रही आतंकी घटनाओं का जिम्मेदार कौन है? अगर अमित शाह जिम्मेदार हैं, तो उन्हें तुरंत कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। खड़गे ने कहा कि यह सिक्योरिटी लैप्स है, तो इसकी जिम्मेदारी गृह मंत्री अमित शाह को लेनी चाहिए, लेकिन नंबर 1 (पीएम मोदी) और नंबर 2 (अमित शाह) से सब डरते हैं। इंदिरा गांधी का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बांग्लादेश को आजादी दिलाई, लेकिन आपने क्या किया। कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि आतंकवाद के नाम पर हमने कभी राजनीति नहीं की। हमने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर वक्त जो भी सरकार रही उसका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सीजफायर करना एक गलती थी, आपने ये क्यों किया। कांग्रेस के सांसद एक ही तरह की बातें उठा रहे है। राज्यसभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय मन्त्री जेपी नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार संवेदनशील है। पहलगाम की घटना बेहद निंदनीय है। पहलगाम हमला हृदय विदारक है। घटना वाले दिन केंद्रीय गृहमन्त्री अमित शाह सूचना मिलते ही शाम 5 बजे श्रीनगर पहुंच गए। पीएम मोदी भी विदेश दौरा छोड़कर तुरंत वापस आ गए। पॉलिटिकल लीडरशिप महत्वपूर्ण होती है। राज्यसभा में केंद्रीय मन्त्री जेपी नड्डा ने कहा कि हमें तत्कालीन कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की सीमा को समझने की जरूरत है कि 2008 में इंडियन मुजाहिद्दीन की ओर से किए गए जयपुर बम विस्फोटों के बाद, भारत और पाकिस्तान एक विशिष्ट विश्वास-निर्माण उपायों पर सहमत हुए थे। वो हमें गोलियों से भूनते रहे और हम उनको बिरयानी खिलाते रहे। उन्होंने नियंत्रण रेखा पार करने के लिए ट्रिपल-एंट्री परमिट की अनुमति दी। जेपी नड्डा ने कहा कि यूपीए के गृहमंत्री कहते थे, कश्मीर जाने में डर लगता था। आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकती। हमले होते रहे हम बिरयानी खिलाते रहे। वो आतंकी हमले करते हम डोजियर भेजते रहे। यूपीए सरकार के दौरान जगह-जगह बम धमाके होते थे। पहलगाम पर हमले की पूरी क्रोनोलॉजी समझनी चाहिए। विपक्ष पर अटैक करते हुए कहा कि हाफिज सईद को जी कहकर बुलाते थे। जेपी नड्डा ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने 2005 के दिल्ली सीरियल बम विस्फोटों, 2006 के वाराणसी आतंकी हमले, 2006 के मुंबई लोकल ट्रेन बम विस्फोटों में कोई कार्रवाई नहीं की। मुद्दा यह है कि तब भारत और पाकिस्तान के बीच आतंकवाद और व्यापार और पर्यटन जारी रहा। जेपी नड्डा ने कहा कि हमले होते रहे और यूपीए सरकार मिठाई खिलाती रही। यहां तक कि उन्हें एलओसी पार करने के लिए ट्रिपल-एंट्री परमिट तक की इजाजत दे दी गई। अन्य सांसदों ने भी अपने मन की बातें कहीं। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि मोदी जी एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो। कल शाम टेलीविजन पर शुभम द्विवेदी की पत्नी ने कहा कि प्रधानमन्त्री ने सभी कुछ चीजों के बारे में बोला, लेकिन मारे गए 26 लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा। अब मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आप सिंदूर की कीमत क्या जानते हो। सांसद जया बच्चन ने राज्यसभा में कहा कि इसी सदन में छाती ठोक के बोला गया था कि अनुच्छेद-370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो चुका है। इसी वजह से देश के अलग-अलग कोने से पर्यटक घूमने गए थे और वो मारे गए। उनके परिवार वाले केंद्र सरकार को कभी माफ नहीं करेंगे। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा, विदेश मंत्री जयशंकर ने आज राज्यसभा में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हमारी कोई बातचीत नहीं हुई, जब ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम होना चाहिए, तो हमने स्पष्ट कर दिया था कि हमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। राहुल गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमन्त्री ने ट्रम्प का नाम नहीं लिया। ये सबको मालूम है कि क्या हुआ है और प्रधानमन्त्री बोल नहीं पा रहे हैं। अगर पीएम ने बोल दिया, तो ट्रम्प खुलकर बोलेंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे, इसलिए प्रधानमन्त्री बोल नहीं पा रहे हैं। ट्रम्प बार-बार एक ही बात को इसलिए दोहरा रहे हैं, क्योंकि वो ट्रेड डील में नरेन्द्र मोदी को दबाएंगे। आप देखना कैसी ट्रेड डील बनती है।

चार तीर

सुनील उत्सव

'सच' 'सियासत' 'वतन' 'झूट'

हमें सच पता है, कहेंगे नहीं हम, सियासत हमारी टिकी झूट ही पर,
के राहों पे सच्ची चलेंगे नहीं हम,सियासत हमारी टिकी झूट ही पर।
वतन की करो तुम,करो खूब सेवा, कमी जो भी होगी बता देंगे तुमको,
के सेवा की सीढ़ी चढ़ेंगे नहीं हम,सियासत हमारी टिकी झूट ही पर।

एमडीए की 57वीं बोर्ड बैठक में विकास योजनाओं को लगे पंख

- एटूजेड रोड चौड़ीकरण करने के साथ हटेगा अतिक्रमण - शामली महायोजना समेत कई प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। एमडीए की 57वीं बोर्ड बैठक बुधवार को कार्यवृत्त पुष्टि करने के साथ भारत सरकार की अमृत योजनान्तर्गत शामली महायोजना-2031 को स्वीकृति दिए जाने के साथ तमाम महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया गया। इस बैठक में बजट स्वीकृति देते हुए उत्तर प्रदेश प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2025 सहित जोन तीन व चार के विकास को स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष मण्डलायुक्त सहारनपुर अटल कुमार राय ने की। एमडीए मुख्यालय पर संपन्न हुई बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए। उक्त बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष कविता मीणा ने बताया कि इस 57 वीं बैठक में पूर्व में आयोजित 56वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत की पुष्टि की गई। इसके साथ ही भारत सरकार की अमृत योजनांतर्गत शामली महायोजना-2031 (प्रारूप) के भाग (क) एवं भाग (ख) कैराना को शासन से परिचालन विधि से स्वीकृति मिलने की पुष्टि की दी। इस बैठक में उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 को बोर्ड द्वारा अंगीकृत कर दिया गया। बैठक में एटूजेड रोड चौड़ीकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया, जिसमें समयबद्ध रूप से क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने, अवैध निर्माण पर रोक लगाने और आवश्यक भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 के अंतर्गत जोनल प्लान की आरएफपी तैयार कर शासनादेशों के तहत निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कन्सल्टेन्ट चयन किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। एमडीए के तमाम प्रस्तावों को सहारनपुर मंडलायुक्त ने स्वीकृति की मुहर लगाते हुए अगली बोर्ड बैठक में शामली महायोजना 2031 को लागू करने के लिए अंगीभूत करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, सचिव कुंवर बहादुर सिंह, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, संयुक्त नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग मेरठ, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन सहारनपुर, अधिशासी अभियंता जल निगम, एमडीए बोर्ड सदस्य शरद शर्मा, गजे सिंह समेत विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त के समक्ष ग्रामीणों ने किया टाउनशिप का विरोध

- शेरनगर में प्रस्तावित योजना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। एमडीए सभागार में संपन्न बोर्ड बैठक में बुधवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब शेरनगर के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत प्रस्तावित नई टाउनशिप स्कीम के तहत भूमि अधिग्रहण की तैयारी पर ऐतराज जताया। इस बीच एमडीए बोर्ड बैठक में पहुंचे सहारनपुर मंडलायुक्त अटल कुमार राय को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव पर अपनी असहमति दर्ज कराई। मंडलायुक्त से मिले ग्रामीणों ने बताया कि मेरठ हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग 58 एवं पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग व मुजफ्फरनगर जौली राज्य राजमार्ग के मध्य में स्थित शेरनगर गांव की करीब 21 हैक्टेयर बहुफसलीय कृषि भूमि, जिसमें धार्मिक-सामाजिक स्थलों जैसे ईदगाह, कब्रिस्तान, और देवी-देवताओं के स्थान भी शामिल हैं, को एमडीए द्वारा नई टाउनशिप विकसित करने के लिए अधिग्रहण में लाना अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम न केवल उनके मौलिक अधिकारों का हनन है, बल्कि उनकी आजीविका पर भी सीधा प्रहार है। इस दौरान सैय्यद खुर्रम एड, सौरभ सिंह, मनोज गुर्जर, मुन्ना, मौ. अनसीर, मगेन्द्र, विनय, नितिन, शलभ, फिरोज समेत दर्जनों ग्रामीण व किसान मौजूद रहे।

डीएम कार्यालय पर कोरी समाज का धरना जारी, किया विरोध प्रदर्शन

- जाति प्रमाण-पत्र जारी होने तक दी आंदोलन की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। कोरी समाज की जनपद इकाई का डीएम कार्यालय पर शुरू अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन बुधवार को गर्मी, उमस व बारिश के बीच भी जारी रहा। धरने पर बैठे कोरी समाज ने शासन प्रशासन से अपने अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्र जारी न होने के विरोध में कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कलेक्ट्रेट में धरना दिया। इस बीच डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में समाज के लोगों ने अपने हक एवं अधिकारों के लिए हरसंभव संघर्ष जारी रखे जाने का ऐलान किया। कोरी समाज की जिला इकाई से जुड़े बलराज कोरी ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में समाज के जिले में हो रहे शोषण की ओर प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए इस भेदभाव पूर्ण तरीके को जोरदार रूप से आपत्ति दर्ज कराते हुए रोके जाने की मांग की। उन्होंने इस बीच आरोप लगाया कि पूर्व में कोरी समाज के लोगों के जिले में जाति प्रमाण-पत्र बनते आ रहे थे, जिन्हें प्रशासन व तहसीलदार द्वारा बिना किसी ठोस साक्ष्य के रोक

दिया गया। उन्होंने कहा कि कोरी समाज के लोगों के पास पूर्व में उनके पिता, दादा के कोरी जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध होने के बावजूद भी उन्हें जाति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है, जिससे उनके बच्चों को नौकरी आदि में आवेदन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम उमेश मिश्रा से कोरी समाज की जरुरत के आधार पर जाति प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की व्यवस्था फिर से शुरू कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारियों को ऐसे में कोरी जाति के पूर्व प्रमाण-पत्र, टीसी व परिवार रजिस्टर उपलब्ध होने व साक्ष्य लगाने के बाद फिर प्रमाण-पत्र जारी कराए जाने की मांग की। उन्होंने ऐलान किया कि जब तक उनको उनका हक और अधिकार नहीं मिलेगा, उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान धरने पर इन्द्रपाल, भगत सिंह कोरी, सौराज सिंह, अमित कुमार, नरेश सिंह, दीपक कोरी, कौशल, राधा, कैलाशो, आरजू समेत बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

तहसील मार्किट में जलभराव को लेकर डीएम दरबार में दस्तक

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। एमडीए की ओर से नगर कोतवाली पुरानी तहसील मार्किट में बनाई गई बेसमेंट की दुकानों में कोई जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने को लेकर दर्जनों दुकानदारों ने डीएम दरबार में पहुंच कर राहत की गुहार लगाई। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में बीते 9-10 जुलाई को हुई भारी बारिश के बीच मार्किट में हुए जलभराव से हुई आर्थिक हानि की क्षति पूर्ति कराए जाने की मांग की। बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को ज्ञापन सौंपा। नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में व्यापारियों ने पूर्व में एमडीए की ओर से बनाई गई उक्त तहसील मार्किट की दुकानों में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने पर बेसमेंट में भारी बारिश से हुए आर्थिक नुकसान की क्षति पूर्ति कराने के साथ मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि बीते दिनों 9 और 10 जुलाई को हुई भारी बारिश में मार्किट में हुए जलभराव से स्थानीय दुकानदारों का भारी नुकसान हुआ है, जिससे तमाम बेसमेंट व्यापारी आर्थिक तंगी से जुझ रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से ब्रज कुंवर गर्ग अध्यक्ष तहसील मार्किट के अलावा सरताज, राजेन्द्र कुमार, संजीव कर्णवाल, राजपाल गर्ग, अमन, अमदज, कासिद, फिरोज, नवाब, फरमान, एस कुमार, हाजी शफीक, मौ. फिराज आदि मौजूद रहे।

शिक्षक पर लगा बीमार बच्चे को जमकर पीटने का आरोप

बुढ़ाना, 30 जुलाई (बु.)। कस्बे के एक स्कूल के एक शिक्षक पर बीमार बच्चे को अकारण जमकर मारपीट करने का आरोप लगा है। अब पीड़ित बच्चे के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अमित कुमार पुत्र चाहीराम निवासी बुढ़ाना ने आज बुधवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र आरव बुढ़ाना कस्बे के डीएवी पब्लिक स्कूल मे कक्षा नौ में पढ़ता है। उसका पुत्र आरव वर्तमान में किडनी रोग से ग्रस्त है, जिसका इलाज दिल्ली एम्स में चल रहा है। बच्चा बीमारी के चलते स्कूल में कभी-कभी आता है, जिसकी जानकारी स्कूल के सभी अध्यापकों को है, लेकिन फिर भी इस स्कूल के एक अध्यापक रामबीर ने उसके बच्चे की जमकर पिटाई की। उनको यह भी बताया गया कि बच्चा बीमार है पिटाई ना करें, परन्तु अध्यापक नहीं माने। पिटाई के कारण बच्चे के पेट में दर्द है. जब अध्यापक को फोन पर कहा गया, तो अध्यापक ने अभद्र भाषा में बात की, जबकि उसका बच्चा बहुत डरा हुआ और दर्द से पीड़ित है। बच्चे आरव के पिता अमित कुमार ने अध्यापक रामबीर के खिलाफ बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

यादे-रफी कार्यक्रम रद्द कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- संयुक्त हिन्दू मोर्चा ने सौंपा नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन, जताया रोष

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। गुरूवार को नगर के सिटी सेंटर में आयोजित होने वाले यादे-रफी कार्यक्रम को रद्द कराने की मांग को लेकर बुधवार को संयुक्त हिंदू मोर्चा से जुड़े हिंदू संगठनों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। उक्त ज्ञापन में हिंदू नेताओं ने कहा कि सिटी सेंटर में होने जा रहे यादे-रफी कार्यक्रम के बहाने कुछ लोग लव जिहाद की तैयारी करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम को जो संस्था करा रही है उसमें अधिकतर मुस्लिम है, पर कार्यक्रम संयोजक हिंदू समाज की महिलाओं को बनाकर उनके फोटो प्रमुखता से लगाए गए हैं, ताकि कार्यक्रम में हिंदू समाज की अधिकतर महिला एवं युवतियां आ सकें और फिर उन्हें लव जिहाद का शिकार बनाया जा सके। नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को सौंपे ज्ञापन में हिंदू नेताओं ने कहा कि जिस प्रकार छांगुर बाबा द्वारा बड़े पैमाने पर लव जिहाद चलाया गया, इससे लव जिहाद फैलने का खतरा बढ़ गया है। हिंदू नेताओं ने शिवाजी सेना के संगठन मंत्री सुमित बजरंगी पर पांच लाख रुपए मांगे जाने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि लव जेहादियों ने हिंदू समाज की महिलाओं को भ्रमित करके ऐसे तमाम आरोप लगाए हैं। ऐसे में अगर प्रशासन ने लव जेहादियों के दबाव में आकर किसी हिंदू कार्यकर्ता का उत्पीड़न किया तो हिंदू संगठन चुप नहीं बैठेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से हिन्दू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, योगेंद्र शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, अंचित आर्य, अखिलेश पुरी, राजेश कश्यप, सुमित बजरंगी, पुष्पेंद्र सैनी, बसंत कश्यप, बागेश अग्रवाल, मोहित सोलंकी, आशीष शर्मा, सचिन जोगी, वीरेंद्र त्यागी, अरविंद सैनी आदि मौजूद रहे।

हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद यादें रफी कार्यक्रम हुआ रद्द, लगे आरोपों का किया खंडन

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। संयुक्त हिन्दू मोर्चा समेत अन्य हिन्दू संगठनों के विरोध के बीच गुरूवार 31 जुलाई को होने वाले सांप्रदायिक सौहार्द्र के प्रतीक माने जाने वाले यादे-रफी कार्यक्रम को आयोजन समिति ने रद्द करने का निर्णय लिया है। बीते 25 वर्षों से होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर शिवाजी सेना द्वारा जारी की गई वीडियो के बाद क्रियेटिव ग्रुप के सचिव अरशद गुड्डू ने इस कार्यक्रम को रद्द किए जाने की जानकारी देते हुए 25 वर्षों में यह पहली बार ऐसा हुआ कि कुछ लोगों द्वारा माहौल बिगाड़ने व लव जिहाद का नाम देते हुए इस कार्यक्रम को बदनाम करने की कोशिश की। ग्रुप सदस्य सत्य प्रकाश ने भी हिन्दू संगठनों द्वारा लगाए आरोपों को निराधार बताते हुए संगीत के इस कार्यक्रम को रद्द किए जाने की जानकारी देते हुए क्रिएशन ग्रुप पर लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। बता दें, बीते दिवस हिन्दू नेता सुमित बजरंगी ने बीते दिवस एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी, जिसमें सुमित बजरंगी ने आरोप लगाया था कि कुछ हिन्दू महिलाओं को आगे करके यादे रफी कार्यक्रम की आड़ में कुछ मुस्लिमों लोगों द्वारा लव जिहाद जैसी घटनाओं को सक्रिय किए जाने की साजिश की जा रही है, जिसे प्रशासन को रोका जाना चाहिए।

नवनियुक्त ईओ ने संभाला कार्यभार, फूल-मालाओं से स्वागत

चरथावल, 30 जुलाई (बु.)। नगर पंचायत के नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। वहीं कार्यभार ग्रहण करने पर अध्यक्ष मास्टर इस्लाम के नेतृत्व में स्टाफ ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पिछले दिनों शासन द्वारा खतौली के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार को नगर पंचायत चरथावल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। बुधवार को नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने नगर पंचायत चरथावल मे पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। नगर पंचायत चरथावल मे ईओ न होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। वहीं कार्यभार ग्रहण करने पर अध्यक्ष मास्टर इस्लाम के नेतृत्व में स्टाफ ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मास्टर इस्लामुद्दीन चेयरमैन, हाजी मतलूब राईन विधानसभा अध्यक्ष लोकदल, सोनू मेंबर, अनिल मेंबर, सुभाष मेंबर, जीशान त्यागी, नावेद अंसारी, वरिष्ठ लिपिक महेश चंद, लिपिक सुनील, प्रदीप, सोमा, साबिर त्यागी आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

चरथावल, 30 जुलाई (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम निर्धना से पुलिस ने न्यायालय से काफी समय से गैरहाजिर चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी को जेल भेज दिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि थाना-क्षेत्र के गांव निर्धना निवासी यूसुफ पुत्र मौहम्मद के विरुद्ध न्यायालय में वाद विचाराधीन है। आरोपित के न्यायालय में नियत तिथियों में उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी कर दिये गये थे। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह द्वारा सूचना पर को यूसुफ उसके मकान से गिरफ्तार किया है। अन्य वैधानिक कायार्वाही की जा रही है।

धारदार हथियारों से हमला कर युवक को गम्भीर रूप से घायल करने वाला आरोपित गिरफ्तार

चरथावल, 30 जुलाई (बु.)। 20 दिन पूर्व धारदार हथियारों से हमला कर गम्भीर रूप से युवक को घायल करने के एक आरोपित को पुलिस ने मुजफ्फरनगर थाना मंडी क्षेत्र से एडवांस कंस्ट्रक्शन कंपनी के सामने से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने 6 नामजद व 20 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर निवासी उपेंद्र ने बीस दिन पूर्व दर्ज कराये मुकदमे में बताया था कि उसका भाई अजय कुमार उर्फ सेठी मृतक गौवंश को गढ्ढे में दबवाने के लिए नहर के निकट गया था, लेकिन वहां पहले से ही खड़े गांव निवासी राहुल, अजय, विकास, शिवम, विक्रांत व थाना बुढ़ाना के गांव कुरथल निवासी सागर एवं 20 अज्ञात लोगों ने अजय कुमार पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया था। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि इस घटना का वांछित अजय कुमार पुत्र धीर सिंह कहीं जाने की फिराक में जनपद मुजफ्फरनगर थाना मंडी क्षेत्र में एडवांस कंस्ट्रक्शन कंपनी के सामने खड़ा है। सूचना पर बिरालसी चौकी प्रभारी जोगेंद्र सिंह ढिल्लों ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी करके अजय कुमार पुत्र धीर सिंह निवासी रोनी हरजीपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले 3 युवक दबोचे

- मौके से सट्टे की पर्चियां, डायरी, पैन व नगदी बरामद

बुढ़ाना, 30 जुलाई (बु.)। पुलिस ने बुढ़ाना क्षेत्र में कई महीनों से पूर्ण रुप से प्रतिबंधित सट्टे की खाईबाड़ी चोरी छिपे करने वाले 3 युवकों को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है, जबकि 2 फरार हो गये। बुधवार के दिन मुखबिर द्वारा बुढ़ाना पुलिस को सूचना दी गयी कि कुछ व्यक्ति कस्बा बुढ़ाना में सट्टा खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबन्दी की, तो मौके पर कुछ व्यक्ति सट्टा खेल रहे थे। पुलिस द्वारा एक बार की दबिश देकर राशिद पुत्र मांगा के मकान कस्बा बुढ़ाना से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 सट्टे की पर्ची, 03 डायरी, 03 पैन व 18 सौ रुपए की नगदी बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम सोनू पुत्र वेद प्रकाश उर्फ वेदू निवासी मौहल्ला चमारान, चन्द्रवीर पुत्र अमर सिह निवासी मौहल्ला खाकरोबान, इंशाद निवासीगण बुढ़ाना बताया, जबकि फरार साथियों के नाम राशिद पुत्र माँगा निवासी पीर के सामने लुहसाना रोड और ओमदत्त निवासी सफीपुर बुढ़ाना बताया। सोनू ने बताया कि वह राशिद के मकान में अपने साथियो के साथ सट्टे की खाईबाड़ी करता है। उस पर पहले भी कई सट्टे के मुकदमे पंजीकृत हैं। सट्टे से होने वाले अवैध लाभ को हम लोग आपस में बांट लेते हैं। आज हम लोग यहां सट्टा खेल रहे थे कि पुलिस ने हमें पकड़ लिया। ये गिरफ्तारी कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में दारोगा छविकांत ने अपनी टीम संग की।

लोन नहीं चुकाया तो बैंकवाले उठा ले गए बीवी, घंटों तक गिड़गिड़ाता रहा पति

झांसी, 30 जुलाई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के झांसी में बैंकवालों की गुंडागर्दी देखने को मिली। यहां लोन की रकम वसूलने के लिए प्राइवेट बैंक ने तो हद ही पार कर दी। एक प्राइवेट माइक्रो फाइनेंस बैंक ने महिला को लोन की किश्त न चुकाने पर कथित तौर पर 5 घंटे तक बंधक बनाकर बैठाए रखा। पति से कहा- किश्त दो, पत्नी को ले जाओ। मामला ग्राम बम्हरौली के आजाद नगर मोहल्ले में स्थित एक प्राइवेट समूह लोन देने वाले बैंक का है। यहां बाबई रोड, पूंछ निवासी रविंद्र वर्मा की पत्नी पूजा वर्मा को सोमवार दोपहर 12 बजे से बैंक के अंदर कथित रूप से जबरन बैठाकर रखा गया। पति जब बैंक पहुंचा तो साफ जवाब मिला- पैसे दो, तभी बीवी मिलेगी। रविंद्र ने लाख मिन्नतें कीं, लेकिन बैंक कर्मचारियों ने कोई दया नहीं दिखाई। आखिर थक-हारकर उसने डायल 112 पर कॉल की। पुलिस के पहुंचते ही बैंक कर्मचारियों के चेहरे का रंग उड़ गया और आनन-फानन में महिला को बाहर निकाला गया।

साला उखाड़ ले गया जीजा के बाल, बहन से तेज आवाज में बात करने पर फूटा गुस्सा

देवरिया, 30 जुलाई (एजेंसी)। कभी-कभी सुलह की राह पर निकले रिश्ते भी झगड़े में तब्दील हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ देवरिया के महिला थाने के बाहर। जहां पति-पत्नी के बीच समझौते की कोशिश थाने के अंदर हुई और थाने से बाहर निकलते ही पूरे परिवार की लड़ाई सबके सामने आ गई। अपनी बहन से तेज आवाज में बात करने से नाराज भाई ने जीजा के छोटे भाई को जमकर पीट दिया बल्कि उसका बिग तक उखाड़ ले गया। मामला गांव बहोर के सूरज सोनकर और उनकी पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। कुछ दिन पहले आपसी कहासुनी के बाद पत्नी, अपने मायके देवरिया शहर लौट आई थी। उसने अपने पति सूरज पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए महिला थाने में लिखित शिकायत दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों को मंगलवार को थाने बुलाकर समझौते की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस की मध्यस्थता के बाद सूरज की पत

रिमझिम बारिश के बीच गर्मी से मिली लोगों को बड़ी राहत

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर प्रदेश में मानसून अब सिर्फ रिमझिम फुहारें नहीं, बल्कि अपनी पूरी धमक के साथ दस्तक दे चुका है। ऐसे में वेस्ट यूपी के साथ एनसीआर में गर्मी व उमस के बीच रिमझिम बौछारों का दौर हर ओर दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग ने इन्हीं हालातों के बीच अगले 24 घंटों के लिए राज्य के एक बड़े हिस्से में जोरदार बारिश व खतरनाक गरज-चमक का सीधा संकेत जारी किया है। उक्त जारी अलर्ट के बीच मौसम विभाग ने सुरक्षा के सारे इंतजाम करने की सलाह दी है, क्योंकि आसमान से बरसने वाला पानी अब सिर्फ मौसम नहीं, बल्कि चुनौती लेकर आ सकता है। वहीं बारिश के साथ गरज-चमक और आसमानी बिजली का खतरा भी कई जिलों पर मंडरा रहा है और यह चेतावनी लगभग पूरे प्रदेश को अपनी चपेट में ले रही है। मौसम के तमाम उतार-चढ़ाव के बीच मुजफ्फरनगर में बुधवार को दिनभर गर्मी व उमस की मार झेल रहे लोगों को बुधवार सुबह से रुक-रुक कर हो रही कई दौर की रिमझिम बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिली है। बुधवार को सुबह के समय शहर में हल्की बारिश होने से गर्मी व उमस की मार झेल रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। हालांकि दोपहर के वक्त करीब दो बजे तक घर से बाहर निकले तमाम लोगों को गर्मी ने परेशान किए रखा। इस बीच लोग अपने हाथों में पंखे, कागज और गत्ते के डिब्बों की मदद से राहत पाने में जुटे रहे। कहना गलत न होगा कि जनपद में पिछले कुछ दिनों से गर्मी व उमस के कारण लोगों का घर से निकलना दूभर हो रहा था तथा काफी उमस के कारण लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही थी। मंगलवार के बाद बुधवार सुबह कई दौर में दिनभर रुक-रुककर हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के जारी आंकड़ों में अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 25.3 डिग्री सेल्सियस के साथ नगरीय क्षेत्र में 16.2 एमएम बारिश दर्ज की गई।

शेष समाचार : कहा था ना ... चरम पर है भ्रष्टाचार

कांवड़ यात्रा के दौरान हिंसा भड़काने वालों पर मुकदमा

बस्ती 30 जुलाई (वार्ता) उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में कप्तानगंज थाना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ कांवड़ियों द्वारा उपद्रव किया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक नामजद तथा 20 अज्ञात के विरूद्ध धार्मिक दंगा भड़काने के मामले में बुधवार को मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि 21 जुलाई को कांवड़ यात्रा सकुशल ढंग से चल रहा था लेकिन कुछ कांवड़ियों द्वारा कप्तानगंज थाना क्षेत्र में बस्ती-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर हिंसा भड़काने का प्रयास किया गया तथा आगजनी का माहौल पैदा किया गया लेकिन पुलिस द्वारा कांवड़ियों को समझा-बुझाकर पुनः यात्रा शुरू कराया। उसके बाद फिर कुछ कांवड़ियों द्वारा पथराव और पुलिस की गाड़ी को तोड़ने का प्रयास किया गया जिसका सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया जिसमें सोनहा थाना क्षेत्र के सर्वेश यादव उर्फ राहुल यादव समेत 20 अज्ञात के विरूद्ध धार्मिक दंगा भड़काने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच-पड़ताल कर रही है। शीघ्र ही सभी की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

सड़क से गुजर रहे राहगीर की सड़क हादसे मे मौत

भोपा, 30 जुलाई (बु.)। भोपा थानाक्षेत्र में देर शाम मोरना-भोकरहेड़ी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टककर से दो पैदल सवार घायल हो गये जिसमें एक घायल की मौत हो गयी। भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी अनुसूचित जाति के 50 वर्षीय अर्जुन पुत्र राजमल व शुभम पुत्र आनन्द के साथ भोकरहेड़ी की ओर से वापस पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वह वजीराबाद ईंट भट्टे के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टककर मार दी। जिसमें दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस द्वारा भोपा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। जबकि शुभम का उपचार जारी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। अर्जुन की शादी नहीं हुई थी वह मजदूरी का कार्य करता था।

हमारी सुरक्षा करने वाले भी नहीं कर पा रहे हैं अपनी रक्षा, बाराबंकी में महिला सिपाही की हत्या

बाराबंकी, 30 जुलाई (एजेंसी)। हमारी सुरक्षा करने वाले भी नहीं कर पा रहे हैं अपनी रक्षा, हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? दरअसल में बाराबंकी से एक ऐसा मामला सामने आया है जो आपके रोंगटे खड़े कर देगा। बाराबंकी में 28 साल की एक महिला सिपाही की हत्या कर दी गई। वर्दी में ही शव हाईवे किनारे झाड़ियों में मिला। सिपाही के चेहरे को जलाया गया था। वह 4 दिन से लापता थी। बुधवार सुबह वहां से गुजर रहे लोगों ने शव देखा, तो पुलिस को सूचना दी। मृतक महिला सिपाही का नाम विमलेश पाल है। वह बाराबंकी के सुबेहा थाने में तैनात थी। सोमवार को महादेवा मंदिर में उसकी ड्यूटी लगी थी, लेकिन वह नहीं पहुंची। साथियों ने पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। महिला सिपाही की हत्या की खबर मिलते ही एसपी अर्पित विजयवर्गीय, आईजी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे। आईजी ने कहा- ऐसा लग रहा है कि मोटिव के साथ मर्डर किया गया है।

गांदरबल में आईटीबीपी की बस सिंध नदी में गिरी, सभी जवानों को गया बचाया

श्रीनगर, 30 जुलाई (एजेंसी)। कश्मीर के गांदरबल जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सुरक्षाकर्मियों को ले जा रही एक बस बुधवार को सिंध नदी में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि बस में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवान सवार थे। भारी बारिश के चलते कुल्लन इलाके में सिंध नदी उफान पर है। बस में सवार सभी कर्मियों की तलाश जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि बस में कितने लोग सवार थे। घटना के बाद हड़-कंप मच गया। एसडीआरएफ गांदरबल और एसडीआरएफ सब कंपोनेंट गुंड की जॉइंट टीमें मौके पर पहुंचीं और सर्च अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि सेना के सभी जवानों को बचा लिया गया है। हालांकि कुछ को मामूली चोटें लगी हैं। ड्राइवर भी घायल हुआ है। आईटीबीपी जवानों के हथियार उफनाई नदी में बह गए। उन्हें निकालने का काम जारी है। कुछ हथियार नदी से निकाले गए हैं, लेकिन तमाम बहकर दूर चले गए हैं। जहां पर बस दुर्घटना हुई है, वहां लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आईं।

स्कूल में टीचर ने उतरवाई बच्चे की चांदी की चेन, घर जाकर इस डर से मासूम ने लगा ली फांसी

कानपुर, 30 जुलाई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षिका ने स्कूल में बच्चे से उसकी चांदी की चेन ले ली। फिर बच्चे को लगा कि उसकी मां उसको डांटेगी। इस बात से डरकर बच्चे ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। इसके बाद हड़-कंप मच गया। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। मृतक बच्चे की पहचान स्वास्तिक (11) के रूप में हुई है। वो कक्षा छह में पढ़ता था। बच्चे को डर था कि उसकी मां उसको डांटेगी और इस बात का जिक्र उसने अपने दोस्त से भी किया था। दोस्त ने समझाया भी था कि कुछ नहीं होगा। इसके बावजूद बच्चे ने आत्मघाती कदम उठा लिया। ये मामला गोविंदनगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले दादानगर इलाके है। बच्चों के पिता कानपुर के ऋषि शर्मा एक कंपनी में ट्रेडिंग का काम करते हैं, जबकि उनकी पत्नी एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की बड़ी डिप्लोमैटिक जीत, कहा- पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ जिम्मेदार

न्यूयार्क, 30 जुलाई (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सेंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने ग्लोबल टेररिज्म संगठनों पर बुधवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें माना कि पहलगाम हमले के लिए द रेजिस्टेंस फ्रंट जिम्मेदार है। टीआरएफ ने हमले के बाद दो बार जिम्मेदारी ली। टीआरएफ ने हमले वाले दिन 22 अप्रैल को घटनास्थल की फोटो भी प्रकाशित की थी। अगले दिन फिर से जिम्मेदारी ली, लेकिन 26 अप्रैल को अचानक अपना दावा वापस ले लिया। इसके बाद टीआरएफ ने कोई और बयान नहीं दिया और किसी अन्य संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। संयुक्त राष्ट्र की यह 36वीं रिपोर्ट आतंकी संगठनों आईएसआरएल, अल-कायदा और उनसे जुड़े गुटों पर आधारित है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पहलगाम क्षेत्र में हालात बहुत संवेदनशील हैं और आतंकवादी संगठन इस तनाव का फायदा उठाने की फिर कोशिश कर सकते हैं। पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थी। इस दौरान 1 नेपाली नागरिक समेत 26 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले 18 जुलाई को अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी की लिस्ट में डाल दिया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसकी जानकारी दी थी।

गोली कांड पाया गया फर्जी, शामिल मिला वार्ड बॉय, दो लोग गिरफ्तार

▶▶ घायल की दोबारा हुई मेडिकल जांच में हुआ साजिश का खुलासा
▶▶ चिकित्सा विभाग की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

भोपा, 30 जुलाई (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव पटोली में किसान पर हुए गोलीकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। घटना में दुष्कर्म के मुकदमे में पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाने के उद्देश्य से आरोपी पक्ष द्वारा बड़ी साजिश रचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने साजिश में शामिल स्वयं को गोली से घायल दिखाने वाले किसान आफताब व रिश्वत लेकर गोली का नकली घाव बनाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड ब्वाय खालिद को गिरफ्तार कर उससे रिश्वत की रकम व अन्य सामग्री बरामद कर दोनों को मेरठ स्थित भ्रष्टाचार न्यायलय में प्रस्तुत किया है। फर्जी मेडिकल करने में शामिल स्टाफ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई को पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को पत्र लिखा है। वहीं प्रशासन को गुमराह करने की बड़ी साजिश में अनेक व्यक्तियों के शामिल होने तथा शीघ्र सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस द्वारा दबिश जारी है। भोपा थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रविवार की दोपहर क्षेत्र के गांव पटोली के जंगल में डायल-112 पुलिस को एक किसान को गोली मार देने की सूचना उस्मान नामक व्यक्ति द्वारा दी गयी थी। पुलिस घटनास्थल पर जाकर घायल आफताब पुत्र मौ. हसन को भोपा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसके दाहिने कंधे पर गोली लगने के निशान बने हुए प्रतीत हुए थे। चिकित्सक द्वारा घायल को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया था, वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर पटोली निवासी दो भाईयों गुल सनव्वर व साबिर पुत्रगण शमशेर व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। संदिग्ध प्रतीत होते गोली के घाव के बाद पुलिस को घटना के फर्जी होने का आभास हुआ तो दोबारा घायल आफताब की मेडिकल जांच कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा कराई गयी, जिसमें गोली का घाव फर्जी पाया गया। मामले में घायल आफताब से पूछताछ की गयी, जिस पर आफताब ने सारे घटनाक्रम से पर्दा उठा दिया आफताब ने बताया कि दुष्कर्म के आरोप मे जेल में बंद अपने भाई मुजम्मिल को बचाने के लिए और दूसरे पक्ष पर फैसले का दबाव बनाने के लिए उन पर मुकदमा दर्ज कराने को यह ड्रामा रचा गया है। आफताब ने बताया कि नकली घाव बनाने के लिए उसने भोपा अस्पताल के वार्ड बॉय खालिद व एक अन्य को 55 हजार की रिश्वत दी थी। वार्ड ब्वाय खालिद द्वारा वहां तैनात चिकित्सक डॉ. नवनीत चौधरी संग मिलकर फर्जी मेडिकल तैयार किया गया, वहीं आफताब के भाई अम्मार द्वारा दुष्कर्म पीड़िता के पति से पांच लाख की रंगदारी मांगने व पचास हजार की रंगदारी वसूलने का भी आरोप हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी वार्ड ब्वाय खालिद व किसान आफताब को गिरफ्तार कर मेरठ स्थित भ्रष्टाचार न्यायालय में पेश किया गया है। खालिद के पास से सर्जरी करने का समान व रिश्वत के तीस हजार रुपए बरामद हुए हैं। साजिश में अन्य व्यक्ति भी शामिल हैं। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

व्यापारियों का शोषण किसी भी कीमत पर नहीं होगा बर्दाश्त : मंत्री कपिल देव अग्रवाल

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। राज्यमंत्री मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को उद्योगपति से जीएसटी विभाग के एक अधिकारी द्वारा 50 लाख की रिश्वत मांगने की शिकायत के मामले में दोषी की जाँच कर कड़ी कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया साथ ही नोटिस वापस करने के लिए विभागीय उच्चाधिकारियो को निर्देशित किया। उन्होनें मुजफ्फरनगर में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव एम. देवराजन एवं कमिश्नर नितिन बंसल से वार्ता कर दोषी अधिकारी के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्योगपति से ₹50 लाख की कथित रिश्वत मांगने की शिकायत तथा इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अनावश्यक नोटिस भेजे जाने के गंभीर प्रकरण का त्वरित संज्ञान लेकर उच्च अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। प्रदेश में उद्यमियों और निवेशकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी सरकार में भ्रष्टाचार व जनहित के खिलाफ कार्य करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।" उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश में व्यापार, उद्योग और निवेश को सुरक्षित, पारदर्शी और सहयोगपूर्ण माहौल मिले। जो भी अधिकारी या कर्मचारी इस नीति के विरुद्ध कार्य करेगा, उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क, जुर्माना लगाया

वाशिंगटन, 30 जुलाई (वार्ता) अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर पहली अगस्त से 25 प्रतिशत उत्पाद शुल्क और रूस के साथ व्यापार करने के लिए जुमार्ना लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर बुधवार को भारत को "मित्र" बताते हुए नये आयात शुल्क और जुमार्ने की घोषणा की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, "भारत हमारा मित्र है, लेकिन वर्षों से हमने उनके साथ तुलनात्मक रूप से कम कारोबार किया है क्योंकि उनके आयात शुल्क काफी अधिक हैं, दुनिया में सर्वाधिक आयात शुल्कों में से एक। किसी अन्य देश की तुलना में उनके यहाँ गैर-मौद्रिक बाधाएँ सबसे कठोर हैं।" श्री ट्रंप ने लिखा कि भारत बड़ी मात्रा में रूस से सैन्य उपकरण खरीदता है और ऐसे समय में जब सभी चाहते हैं कि रूस "यूक्रेन में हत्याएं रोके दे", भारत चीन के साथ रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीददार है। उन्होंने अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में लिखा, "इसलिए, भारत पहली अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क भरेगा, साथ ही इन सबके लिए जुमार्ना भी।" उल्लेखनीय है कि इससे पहले अमेरिका ने जापान और यूरोपीय संघ पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था और कम आयात शुल्क के बदले दोनों अमेरिका

ग्यारह साल से 25 हजारी अपराधी था फरार, अब जाकर किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। अपराधी भी ऐसा खेल खेलते हैं कि 11-11 वर्षों तक पुलिस के हत्थे ही नहीं चढ़ते। ऐसा ही एक मामले की जानकारी पुलिस लाइन पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि गांव बधाई खुर्द निवासी संजीव कुमार ने 11 वर्ष पहले 2014 में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि काला व राकेश शेखर निवासीगण बधाई खुर्द ने उसके पिता वीरसैन पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। उक्त मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए काला व शेखर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि राकेश निवासी बधाई खुर्द तभी से फरार चल रहा था। कोर्ट में पेश न होने के कारण उसका वारंट जारी किया गया था। फरार आरोपी पर एसएसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। उसी समय से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने टीम के साथ इनामी बदमाश को मिमलाना रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है।

कनेक्शन काटने पहुंची बिजली विभाग की टीम पर हमला, पीछे फावड़ा लेकर दौड़े लोग, घर में घुसकर जान बचाई

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु)। गांव करहेडा में विद्युत बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ता का कनेक्शन काटने पर उपभोक्ता और उसके पुत्रों समेत चार आरोपितों ने विद्युत टीम पर हमला कर दिया। टीम ने अपनी जान बचाने के लिए घर में घुसना पड़ा। अवर अभियंता ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना गंग नहर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता इमरान अख्तर ने तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर वह संविदाकर्मी अनिकेत, आशु, अमित और अजय के साथ विद्युत बिल की बकाया वसूली के लिए गांव करहेडा पहुंचे। वहां एक उपभोक्ता पर 68175 रुपये का बकाया था। इसके बाद संविदा कर्मी अमित कुमार कनेक्शन काटने के लिए खंभे पर चढ़ गए। उपभोक्ता द्वारा चोरी से डाले गए केबिल को हटाने की वीडियो ग्राफी भी की गई। आरोप है कि उपभोक्ता और उसके पुत्रों ने ईंट फेंककर वार करना शुरू कर दिया और डंडे व फावड़ा लेकर उन पर हमला करने के लिए दौड़े। अवर अभियंता ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

अवैध टेलीफोन एक्सचेंज चलाने वाले गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 30 जुलाई (बु.)। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिन पहले पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तितावी थाना क्षेत्र के एक फर्जी अवैध टेलीफोन एक्सचेंज को पकड़कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उक्त मामले में कई आरोपी तभी से फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में साइबर क्राइम प्रभारी सुल्तान सिंह अपनी टीम के साथ जुटे थे। एसएसपी ने बताया कि उक्त टेलीफोन एक्सचेंज के संचालन में शामिल गैंग के साथी मौहम्मद आरिफ निवासी मेरठ थाना लिसाढ़ी गेट को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से एक लैपटॉप व मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपी से मोबाइल में सिमकार्ड व सिम बॉक्स खरीदने के पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं तथा उसके साथी जहीरुद्दीन व कासिम निवासीगण मेरठ को पुलिस अभी तलाश कर रही है। बताया जाता है कि मौहम्मद आरिफ गैंग के अपने साथियों को सिम बॉक्स के लिए सिम उपलब्ध कराता था। गिरफ्तार आरोपी ने यह भी बताया कि वह पावरलूम पर बुनाई का कार्य करता था, जिसमें उसे भारी नुकसान हुआ और कर्ज उतारने के उद्देश्य से वह अपराधी बन बैठा। इसी बीच उसकी मुलाकात मवाना निवासी सलीम से हुई, जिसने सिम बॉक्स कार्य के लिए बताया और यह पूरा काम करना सिखाया। उसने बताया कि सिमबॉक्सों को वर्चुअल आईडी द्वारा ऐनीडेस्क के माध्यम से साइबर अपराध व इंटरलॉकिंग वीओआईपी में प्रयोग किया जाता था, जिसके बाद आरोपी ने सिम बॉक्स संचालन करने वाले व्यक्ति को सिमबॉक्स व सिमकार्ड भी उपलब्ध कराए जाते थे। उसका बताना है उसकी गैंग के साथी मोहसीन, सद्दाम व फिरोज के साथ सिमबॉक्स चलाने में हिस्सेदारी थी। पुलिस मौहम्मद आरिफ के अन्य फरार साथियों की तलाश में जुटी है।

बुलंदशहर हिंसा में भाजपा नेता समेत 38 दोषी, इंस्पेक्टर की हत्या करके चौकी फूंकी

बुलंदशहर, 30 जुलाई (एजेंसी)। बुलंदशहर हिंसा मामले में 7 साल बाद कोर्ट ने 38 आरोपियों को दोषी करार दिया है। स्याना कोतवाली क्षेत्र के महाव गांव में गोवंश के अवशेष मिलने पर चिंगरावठी में 2018 में हिंसा और आगजनी हुई थी। भीड़ ने चिंगरावठी पुलिस चौकी को फूंक दिया था। हिंसा में स्याना कोतवाली के इंस्पेक्टर समेत 2 लोगों की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में मौजूदा जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान सहित 44 लोगों को आरोपी बनाया था। इनमें से 5 की मौत हो चुकी है। मामले में प्रशांत नट, डेविड, जोनी, राहुल और लोकेंद्र को इंस्पेक्टर सुबोध की हत्या का दोषी पाया गया है। ये सभी गांव चिंगरावठी थाना स्याना के रहने वाले हैं। जबकि अन्य 33 बलवा, हिंसा और हत्या के प्रयास के दोषी करार दिए गए हैं।

जस्टिस यशवन्त वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, 30 जुलाई (एजेंसी)। जस्टिस यशवंत वर्मा के केस में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस वर्मा ने उनके घर से बरामद हुए कैश के मामले में इन-हाउस इंक्वायरी पैनल की रिपोर्ट को चुनौती दी हुई है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि अगर साक्ष्य न्यायिक दुराचार का संकेत देते हैं तो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सूचित करने का अधिकार है। इस सिफारिश में जज को पद से हटाने की मांग की गई थी, क्योंकि इन-हाउस इंक्वायरी पैनल की रिपोर्ट में उन्हें उनके आधिकारिक आवास पर कैश मिलने के मामले में दोषी ठहराया गया था। अदालत ने जस्टिस वर्मा के इन-हाउस इंक्वायरी पैनल की वैधता पर सवाल उठाए बिना उस समय इसकी कार्यवाही में भाग लेने के फैसले पर सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा, 'आपका आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, आप पैनल के सामने क्यों पेशे हुए? सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि जस्टिस वर्मा को आंतरिक जांच समिति के नतीजों पर आपत्ति जताने के लिए उसके पास पहले आना चाहिए था।

बुर्किना फासो में सैन्य अड्डे पर बड़ा आंतकी हमला: 50 सैनिकों की बेरहमी से हत्या

नई दिल्ली, 30 जुलाई (एजेंसी)। पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो एक बार फिर आतंकियों के खूनखराबे का गवाह बना है। देश के उत्तरी इलाके में एक सैन्य अड्डे पर हुए भीषण हमले में करीब 50 सैनिकों की जान चली गई। स्थानीय प्रशासन और चश्मदीदों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह हमला उत्तरी बुर्किना फासो के बौल्सा प्रांत के डागों इलाके में स्थित सैन्य अड्डे पर सोमवार को किया गया। एक सामुदायिक नेता और एक स्थानीय निवासी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमला बेहद सुनियोजित था और सैनिकों के पास ज्यादा मौका नहीं था। शक है कि इस हमले को जमात नस्र अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन नाम के कट्टरपंथी इस्लामी आतंकी संगठन ने अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि हमले में करीब 100 से ज्यादा चरमपंथी शामिल थे। हमलावरों ने सैन्य अड्डे पर धावा बोलने के बाद सैनिकों पर गोलियां बरसाईं। करीब 50 सैनिकों की हत्या के बाद उन्होंने अड्डे में आग लगा दी और हथियार, गोला-बारूद समेत जरूरी सामान लूट ले गए।

भाकियू पदाधिकारी के आवास पर पुलिस की दबिश से भड़का रोष

दबिश के विरोध में भाकियू ने भोपा थाने पर दिया धरना

भोपा, 30 जुलाई (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव पटोली के चर्चित फर्जी गोलीकांड के मामले में भाकियू पदाधिकारी पुष्पेन्द्र उर्फ बिट्टू राठी के आवास पर भारी संख्या में पहुंचे पुलिसबल ने बेहड़ा थ्रू में उनके आवास पर दबिश दी। भारी पुलिस की मौजूदगी से गांव में हड़कंप मच गया। वहीं पुष्पेन्द्र प्रधान के आवास पर भारी दबिश को लेकर भाकियू में रोष व्याप्त हो गया और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थाने पर धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी। घंटों बाद क्षेत्राधिकारी के आश्वासन पर धरने को समाप्त किया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू में बुधवार की अलसुबह भारी पुलिस की मौजूदगी से ग्रामीण सहम गये। भारी संख्या में पहुंचे पुलिसबल ने भाकियू के जिला संगठन मन्त्री तथा पूर्व ग्राम प्रधान पुष्पेन्द्र राठी की गिरफ्तारी को लेकर उनके आवास पर दबिश दी गयी। कुछ देर बाद भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भोपा थाना पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू नेताओं ने अपने चिर-परिचित अंदाज में पुलिस पर भ्रष्टाचार व फर्जी मुकदमे दर्ज करने के गंभीर आरोप लगाये। लगभग चार घंटे चले धरने में जिले के सभी ब्लॉक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं संग मौजूद रहे। धरने पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई न करने पटोली में फर्जी गोली प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने बताया कि भाकियू के जिला संगठन मन्त्री पुष्पेन्द्र राठी उर्फ बिट्टू प्रधान के खिलाफ भोपा पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास करने की सूचना पर थाने धरना प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधिकारी के द्वारा आश्वासन दिया गया की निष्पक्ष जांच की जायेगी। किसी भी निर्दोष पर कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी, जिसके बाद धरने को समाप्त किया गया है। पटोली गोली प्रकरण में पुष्पेन्द्र प्रधान की क्या भूमिका है? इसे लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की मामले की जांच की जा रही है। उसी जांच के सिलसिले मे पूछताछ के लिये पुष्पेंद्र राठी के मकान पर पुलिस गयी थी। धरने की अध्यक्षता हरवीर सिंह व संचालन अशोक व ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी ने किया। इसके अलावा एनसीआर अध्यक्ष कपिल सोम, जितेंद्र बालियान, मोनू चौधरी, हैप्पी बालियान, अंकुश प्रधान, अहसान त्यागी, राघव कुमार, योगेश बालियान, योगेश शर्मा प्रदेश महासचिव, हरिओम त्यागी, विकास चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंटू प्रधान गुलमेर बाजवा, श्यामपाल चौधरी मानसिंह, संजय कुमार, अफसर कुरैशी, आमिर सुल्तान, कृष्ण, शिवकुमार, यशपाल, जुल्फिकार, आस मोहम्मद, हवा सिंह आदि मौजूद रहे।